भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3702

दिनांक 25.03.2022 को उत्तर देने के लिए

नए पासपोर्ट कार्यालय

3702. श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का प्रस्ताव मध्य प्रदेश में नए पासपोर्ट कार्यालय खोलने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में कार्यरत पासपोर्ट कार्यालयों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार के पास खरगौन बड़वानी संसदीय क्षेत्र में नया पासपोर्ट कार्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

[श्री वी. मुरलीधरन]

(क) से (ग) मंत्रालय ने देश के गांव/दूरस्थ/ ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों के सपीप पासपोर्ट सेवाओं को लाने के लिए, जनवरी 2017 में यह निर्णय लिया था कि डाक विभाग के सहयोग से देश के प्रत्येक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, जहां कोई पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) अथवा (पीओपीएसके) नहीं है, में प्रधान डाकघरों (एचपीओ)/ डाकघरों (पीओ) में पासपोर्ट सेवा केंद्र अर्थात डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) खोला जाए। तदनुसार, मध्य प्रदेश में अब तक 02 पीएसके के अलावा 18 पीओपीएसके खोले गए हैं। जहां तक, खरगौन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का संबंध है, खरगौन प्रधान डाकघर में पीओपीएसके खोलने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं है।

***